
# शाला ध्वनि

# KVS News

April-June 2026



## सीबीएसई कक्षा 10 और 12 के परीक्षा परिणाम

# देश के सभी स्कूली शिक्षा संस्थानों में के.वि.सं. ने प्राप्त किया सर्वोच्च स्थान




**नई दिल्ली:** सीबीएसई कक्षा 10 और 12 के परीक्षा परिणामों में केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने इस वर्ष नया इतिहास रचा है। वर्ष 2025-26 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने क्रमशः 99.57 एवं 98.55 प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर देश के सभी सरकारी व निजी विद्यालयी संस्थानों में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। ये परिणाम केवल आँकड़े नहीं, बल्कि के.वि. शिक्षकों की निष्ठा, विद्यार्थियों के परिश्रम और अभिभावकों के सहयोग का प्रमाण हैं।

इस सफलता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन का भी महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यार्थी-केंद्रित, लचीली और समावेशी शिक्षा व्यवस्था के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, तार्किक चिंतन, नवाचार का उल्लेखनीय विकास हुआ है। यही कारण है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन आज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सर्वांगीण विकास और राष्ट्रीय उत्कृष्टता का पर्याय बनकर उभर रहा है।

| कक्षा 10वीं का संस्थान-वार तुलनात्मक प्रदर्शन | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | शैक्षणिक संस्थान | उत्तीर्ण प्रतिशत |
| 1. | केन्द्रीय विद्यालय संगठन | 99.57 % |
| 2. | नवोदय विद्यालय समिति | 99.42 % |
| 3. | एसटीएसएस | 97.42 % |
| 4. | स्वतंत्र विद्यालय | 93.77 % |
| 5. | सरकारी विद्यालय | 91.43 % |
| 6. | सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय | 91.01 % |

| कक्षा 12वीं का संस्थान-वार तुलनात्मक प्रदर्शन | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | शैक्षणिक संस्थान | उत्तीर्ण प्रतिशत |
| 1. | केन्द्रीय विद्यालय संगठन | 98.55 % |
| 2. | नवोदय विद्यालय समिति | 98.47 % |
| 3. | सरकारी विद्यालय | 89.55 % |
| 4. | सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय | 86.07 % |
| 5. | ईएमआरएस | 85.55 % |
| 6. | स्वतंत्र विद्यालय | 84.22 % |



# एक पेड़ माँ के नाम 3.0

## प्रकृति, संस्कार और सहभागिता का महाअभियान




**नई दिल्ली, 5 जून 2026 :**विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1, दिल्ली कैंट में पौधरोपण कर 'एक पेड़ माँ के नाम 3.0' अभियान का शुभारंभ किया। यह राष्ट्रव्यापी अभियान 5 जून से 30 सितंबर 2026 तक देशभर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें केन्द्रीय विद्यालय भी अपनी प्रमुख भूमिका निभाएंगे।

अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना तथा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भाव जागृत करना है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेते हैं।। पिछले वर्ष 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान को केन्द्रीय विद्यालयों में व्यापक जनभागीदारी मिली थी। इस दौरान शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित 87,570 पौधों के लक्ष्य के विरुद्ध केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने 2,24,787 पौधे लगाकर लक्ष्य से कहीं अधिक उपलब्धि हासिल की थी। इसी उल्लेखनीय सफलता को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष 'एक पेड़ माँ के नाम 3.0' के माध्यम से और अधिक जनभागीदारी तथा हरित आवरण बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता

अभियान के साथ-साथ जून माह (5 से 30 जून 2026 तक) में ग्रीन समर कैम्प और ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम भी चलाए गए। इनके अंतर्गत विद्यार्थियों को विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने, जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने तथा रसायन-मुक्त खेती की जानकारी दी गई।





विद्यालयों में 'सेव वाटर', 'सेव एनर्जी', 'रिड्यूस ई-वेस्ट', 'रिड्यूस वेस्ट' और 'से नो टू सिंगल यूज़ **प्लास्टिक**' जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की गई। विद्यालयों में जल एवं ऊर्जा ऑडिट, ई-वेस्ट संग्रह अभियान, स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट पृथक्करण, कम्पोस्ट पिट निर्माण, पुनर्चक्रण आधारित कला प्रतियोगिताएँ तथा **प्लास्टिक** मुक्त परिसर बनाने के प्रयास भी किए गए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए प्रकृति भ्रमण, पर्यावरण जागरूकता रैलियाँ, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताएँ तथा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।



के.वि. अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड



पीएम श्री के.वि. आईएनएस शिवाजी, लोनावला, महाराष्ट्र



के.वि. एनएचपीसी, सैंज, कुल्लु, हिमाचल प्रदेश



पीएम श्री के.वि. क्र. 1 जोरहाट, असम




के.वि. ओएनजीसी, महेसाणा, गुजरात




पीएम श्री के.वि. आईएनएस द्रोणाचार्य, कोच्ची, केरल




के.वि. क्र. 1 इम्फाल, मणिपुर




के.वि. क्र. 2 उधमपुर, जम्मू-कश्मीर



पीएम श्री के.वि. केलांग, हिमाचल प्रदेश



पीएम श्री के.वि. दिरांग, अरुणाचल प्रदेश



पीएम श्री के.वि. क्र. 3 झांसी, उत्तर प्रदेश




पीएम श्री के.वि. आनंदपुर, ओडिशा



पीएम श्री के.वि. क्र. 4 भुवनेश्वर, ओडिशा



पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एंड्रयूज गंज, दिल्ली



पीएम श्री के.वि. सीआरपीएफ पल्लीपुरम, केरल



पीएम श्री के.वि. बीएमपीएल, मैसूरु, कर्नाटक



पीएम श्री के.वि. हैप्पी वैली, शिलांग, मेघालय



पीएम श्री के.वि. आईएनएस, माण्डवी, गोवा



पीएम श्री के.वि. टाटानगर, झारखंड

# 12वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



"हमारा लक्ष्य होना चाहिए 40 की उम्र में 20 साल जैसा लचीला, 50 की उम्र में 30 जैसा उर्जावान और 70 की उम्र में 50 साल जैसा स्वास्थ्य हो।"

~श्री नरेंद्र मोदी, प्रधान मंत्री

## योग बना जन-जन का उत्सव, केन्द्रीय विद्यालयों में हुआ सामूहिक योगाभ्यास



**नई दिल्ली, 21 जून 2026:** 'स्वस्थ आयु के लिए योग' की थीम लेकर 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस देश-विदेश में उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर आयोजित मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम का नेतृत्व किया तथा हजारों प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

**योगमय हुए केन्द्रीय विद्यालय**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में समान योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान केन्द्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त श्री विकास गुप्ता ने संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एंड्रयूज़ गंज में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ विभिन्न योगासन किए तथा सभी को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने योग के माध्यम से शारीरिक फिटनेस, मानसिक एकाग्रता और सकारात्मक जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया।



# केन्द्रीय विद्यालय संगठन का 13वाँ उपायुक्त सम्मेलन संपन्न

**नई दिल्ली**: केन्द्रीय विद्यालय संगठन का 13वाँ उपायुक्त सम्मेलन दिल्ली स्थित भारत मंडपम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग श्री संजय कुमार ने किया। दिनांक 22 से 24 जून 2026 को आयोजित इस सम्मेलन में के.वि.सं. आयुक्त श्री विकास गुप्ता सहित मुख्यालय के समस्त वरीय अधिकारी, समस्त 25 के.वि.सं. संभागों के उपायुक्त एंव पांचों जीट के निदेशक उपस्थित रहे।

**सम्मेलन का उद्देश्य**

स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय संगठन की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन की दिशा में यह वार्षिक सम्मेलन महत्वपूर्ण भमिका निभाता है। सम्मेलन में गत वर्ष किये गये प्रयासों की समीक्षा एवं भावी रणनीतियों के निर्धारण पर विस्तार से चर्चा होती है। इस वर्ष यह सम्मेलन 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का समाविष्टीकरणः समानता, उत्कृष्टता और सशक्तिकरण' की थीम पर आधारित था।

सम्मेलन के केन्द्रीय विद्यालय संगठन की सभी प्रमुख शाखाओं- शैक्षिक, प्रशिक्षण, वित्त, कार्मिक, प्रशासन और कार्य- से जुड़ी गतिविधियों और कार्यप्रणालियों पर व्यापक विचार विमर्श किया गया और आने वाले शैक्षिक सत्र के लिए लक्ष्य निर्धारण किये गये। इस अवसर पर विद्यार्थियों में भाषाई दक्षता एवं पठन-लेखन संस्कृति के विकास के उद्देश्य से तैयार दो विशेष पुस्तकों का भी विमोचन किया गया।

# भारतीय भाषा समर कैंप 2026

## भाषाओं के संवाद से बना संस्कृतियों का सेतु

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में मा. शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा 13 मई को देश भर के विद्यालयों के लिए "भारतीय भाषा समर कैंप-2026" का शुभारंभ किया गया। यह पहल केवल एक शिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध भाषाई एवं सांस्कृतिक विरासत के उत्सव के रूप में मनाई जाती है।




इस सात दिवसीय कार्यक्रम के तहत देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त किसी अन्य भारतीय भाषा को सीखने का अवसर प्रदान किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने हिन्दी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, गुजराती, उड़िया, पंजाबी, बांग्ला सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं का अध्ययन किया तथा उनसे जुड़ी संस्कृति, साहित्य, इतिहास, लोक-परंपराओं और व्यंजनों को भी निकट से जाना।

भाषा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाओं की लिपि, व्याकरण एवं उच्चारण का अभ्यास किया, जिससे उनके संवाद और लेखन कौशल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। शिविर ने विद्यार्थियों में बहुभाषिकता के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ देश की भाषाई विविधता के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को भी सुदृढ़ किया। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सुदृढ़ करने वाला यह शिविर भाषाई एकता, सांस्कृतिक समरसता और राष्ट्रीय एकीकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

# 53rd KVS Rajya Stariya Bal Vaigyanik Pradarshani

## KVS Showcases Young Innovators

**Pune:** The 53rd KVS Rajya Stariya Bal Vaigyanik Pradarshani 2025–26 was held from 8–10 April 2026 at PM SHRI Kendriya Vidyalaya, Ganeshkhind, Pune, bringing together 571 students, including 22 Children with Special Needs (CwSN), from all 25 KVS regions.



The national-level exhibition featured innovative projects aligned with the vision of Viksit Bharat, covering themes such as green energy, water conservation, sustainable agriculture, waste management, healthcare, emerging technologies, AI, robotics, and mathematical modelling. Selected through a multi-tier process, the projects were evaluated by experts from the National Chemical Laboratory (NCL) and the Inter-University Centre for Astronomy and Astrophysics (IUCAA).

**Event at a Glance**

**Venue**
PM SHRI Kendriya Vidyalaya, Ganeshkhind, Pune

**Duration**
8–10 April 2026

**Participation**
571 students from all 25 KVS Regions

**Inclusive Representation**
22 Children with Special Needs (CwSN)

The event included interactive demonstrations, biotechnology and defence technology exhibits, liquid nitrogen experiments, robotics displays, and sky-gazing sessions. It was inaugurated by eminent scientist Sh. R. P. Pandey, while Sh. Somit Shrivastava, Joint Commissioner (Acad.), KVS (HQ), addressed participants virtually. A total of 23 projects and one seminar presentation were recognised for excellence.

## KV Students Reach for the Stars THROUGH ISRO'S YUVIKA 2026

**New Delhi:** Seventy-three, Class IX students from Kendriya Vidyalayas across the country were selected for the **Young Scientist Programme (YUVIKA) 2026**, a prestigious initiative of the **Indian Space Research Organisation (ISRO)**. The students participated in a two-week residential programme held from **11 to 22 May 2026** at various ISRO centres across India.

Designed to nurture scientific curiosity and inspire young minds, YUVIKA introduced students to the fascinating world of space science, technology, and applications. Through expert lectures, practical sessions, laboratory visits, and interactions with ISRO scientists, participants gained first-hand exposure to India's space programme and emerging technologies.

इसरो isro

# 127 KVians Participated in IIT Kharagpur's KRITI Initiative






A total of 127 students from Kendriya Vidyalayas participated in the **KRITI (Knowledge, Research and Innovation for Transformative Impact)** initiative organised by the Indian Institute of Technology Kharagpur from **16 May to 26 June 2026**. The six-week residential programme for Classes XI and XII (Science Stream) comprised RISE (Research and Innovation Summer Experience) and i-KITES (Igniting Knowledge, Innovation, Technology, and Engineering in Students).

The programme provided students with early exposure to scientific research, innovation, and emerging technologies through hands-on experimentation, prototype development, and interdisciplinary projects under the mentorship of IIT faculty members, scientists, doctors, engineers, and research scholars. Participants worked in advanced laboratories on projects involving robotics, IoT, 3D printing, water purification, and engineering design.

Student feedback highlighted increased confidence, scientific curiosity, critical thinking, and interest in pursuing careers in research and innovation. The initiative strengthened experiential learning by connecting school education with advanced scientific research and fostering an innovation-driven mindset among young learners.

**WHAT STUDENTS EXPLORED**

- Robotics
- Internet of Things (IoT)
- 3D Printing
- Smart Home Automation
- Water Purification Technologies
- Engineering Design & Prototyping
- Advanced Laboratory Experiments

## KV Moscow Tops International Science Conference in Russia

**Moscow:** Kendriya Vidyalaya Moscow (Team India) secured First Position in the Foreign Countries Category at the 25th International Project Conference 'Start to Innovate', organised by the Moscow Institute of Physics and Technology (MIPT) and the Kapitza Phystech Lyceum in March 2026. The silver jubilee conference received over 8,000 entries from 12 countries.

Twelve KV Moscow students represented India through research presentations and poster sessions, showcasing innovation and STEM excellence. Four students—Arsh Bhatia (Thermal Jacket), Navpunya Navin (Red Zone), Sabir Imtiaz Sultanpuri (Habit Band), and Deyan Pathak (Innovative Ideas to Use Drones)—received special recognition for their projects. The school also highlighted India's cultural heritage with a solo classical dance performance by Diya Anuraj and a vibrant Theyyam group dance by eight students.



# राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता
## के विजेता केन्द्रीय विद्यालयों का सम्मान

**नई दिल्ली, 25 जून 2026:** केन्द्रीय विद्यालयों हेतु आयोजित 36वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2025-26 के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संसद भवन परिसर स्थित संसद पुस्तकालय भवन के जीएमसी बालयोगी सभागार में किया गया। समारोह की अध्यक्षता संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने की।

इस अवसर पर श्री अर्जुन राम मेघवाल ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले केन्द्रीय विद्यालयों को सम्मानित किया। जहां डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय (उत्तर क्षेत्र) ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतिष्ठित सरदार वल्लभभाई पटेल रनिंग पार्लियामेंटरी शील्ड एवं ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार अन्य केन्द्रीय विद्यालयों को ज़ोनल विजेता पुरस्कार से नवाज़ा गया।

इसके अतिरिक्त श्री मेघवाल ने समारोह में 20 अन्य केन्द्रीय विद्यालयों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए क्षेत्रीय विजेता पुरस्कार से भी सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता देशभर के 25 संभागों के 200 केन्द्रीय विद्यालयों के बीच आयोजित की गई थी।




***प्रथम स्थान:*** *डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय - सरदार वल्लभभाई पटेल रनिंग पार्लियामेंटरी शील्ड एवं ट्रॉफी*

## ज़ोनल ट्रॉफी विजेता

| के.वि. का नाम | के.वि.सं. क्षेत्रीय कार्यालय | ज़ोन |
|---|---|---|
| के.वि. मथुरा कैंट | आगरा | पश्चिम क्षेत्र |
| पीएम श्री के.वि. क्र.1 मदुरै | चेन्नई | दक्षिण क्षेत्र |
| पीएम श्री के.वि. क्र. 2 भोपाल | भोपाल | मध्य क्षेत्र |
| पीएम श्री के.वि. एएफएस बोरझार | गुवाहटी | पूर्वी क्षेत्र |

## के.वि.सं. आयुक्त ने प्रेरणा संकुल में विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह



**वडनगर:** केन्द्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त श्री विकास गुप्ता ने गुजरात के महेसाणा जिले के वडनगर स्थित प्रेरणा संकुल का दौरा कर परिसर का निरीक्षण किया तथा बैच 3-साइकिल 2 के प्रतिभागियों से संवाद किया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम से जुड़े अपने अधिगम अनुभवों और व्यक्तित्व विकास पर इसके प्रभाव को साझा किया। श्री विकास गुप्ता ने अनुभवात्मक एवं मूल्य-आधारित शिक्षा की इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को कार्यक्रम से प्राप्त ज्ञान, कौशल और मूल्यों को अपने जीवन में अपनाकर समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया।

प्रेरणा संकुल में प्रत्येक सप्ताह 10 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 10 जिलों से 20 विद्यार्थी भाग लेते हैं। यह कार्यक्रम नौ मानवीय मूल्यों पर आधारित होकर विद्यार्थियों में नेतृत्व, संवेदनशीलता और जिम्मेदार नागरिकता का विकास करता है।


# ANNUAL MEETING OF KVS ADVISORY COMMITTEE FOR ZIETS



**Chandigarh:** The Annual Meeting of the KVS Advisory Committee for Zonal Institutes of Education and Training (ZIETs) was held on 16–17 April 2026 at ZIET Chandigarh under the chairpersonship of the Commissioner, KVS Sh. Vikas Gupta. Officials from KVS HQ, all five ZIETs, and designated ROs attended the meeting.

Key discussions focused on the annual training calendar, emerging needs, programme design, and institutional strengthening. Priority areas included revision of the Training Policy, Continuous Professional Development guidelines, Training & Development Week, and Student Support Material. Emphasis was placed on theme-based mass training and promoting school well-being.

The Committee also addressed multilingual education, capacity building of school leaders and non-teaching staff, and induction programmes for 2025 recruits. Strengthening training modules, manuals, and positioning ZIETs as Centres of Excellence were highlighted. The importance of impact assessment, along with promoting action research and surveys, was emphasized to enhance the effectiveness of capacity-building initiatives across KVS.




# KVS ACCELERATES MISSION KARMAYOGI

## RECORD PARTICIPATION IN SADHANA SAPTAH

**New Delhi:** Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) registered impressive participation in National Learning Week (NLW) – Sadhana Saptah 2026, held from 2–8 April 2026 under the Government of India's Mission Karmayogi capacity-building programme. Emerging as a leading contributor among school education organisations. KVS onboarded 50,823 employees, who completed 74,559 courses on the iGOT Karmayogi platform, including 62,676 AI-related courses. Participation was recorded across all cadres, with teachers showing particularly strong engagement. Nearly 83% of participants undertook courses on AI and emerging technologies. The enthusiastic response highlights KVS's commitment to continuous professional development and its alignment with national priorities of building a future-ready, technology-enabled, and citizen-centric workforce through lifelong learning.

# KVS HEADING TOWARDS DISASTER-READY VIDYALAYAS




**New Delhi:** Reinforcing its commitment to creating safe and resilient learning environments, Kendriya Vidyalaya Sangathan participated in a five-day Training Programme on School Safety organized by the National Institute of Disaster Management (NIDM) from 8–12 June 2026 at its Delhi Campus.

The programme brought together Principals and Vice-Principals from KVs across the country to strengthen institutional capacities in school safety, disaster preparedness, risk assessment, and emergency response. The training focused on equipping school leaders with practical strategies to enhance safety mechanisms and foster a culture of preparedness within school communities.

Coordinated by senior officials of NIDM, the programme also served as a platform for participants to exchange best practices, share field experiences, and explore innovative approaches to disaster risk reduction in educational institutions.

# खुलते विद्यालय, संवरते भविष्य



## केन्द्रीय विद्यालय देवगढ़

### के नए परिसर का शिक्षा मंत्री ने किया उद्घाटन

**देवगढ़, 25 अप्रैल 2026:** शैक्षिक आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में मा. शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा स्थित केन्द्रीय विद्यालय देवगढ़ के नए परिसर का उद्घाटन किया। यह परिसर विद्यालयी सुविधाओं को सशक्त बनाने तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उद्घाटन के उपरांत श्री प्रधान ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया, उनकी आकांक्षाओं पर चर्चा की तथा उनकी शैक्षिक यात्रा में उत्साहवर्धन किया।

## शिक्षा के नए युग का शुभारंभ

### धनवार को मिली के.वि. की सौगात

**गिरीडीह, 17 जून 2026:** झारखंड के गिरीडीह जिले में स्थित धनवार क्षेत्र में मा. केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने केन्द्रीय विद्यालय धनवार का विधिवत शुभारंभ कर क्षेत्रवासियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नई सौगात दी। इस दौरान मा. मंत्री जी ने बच्चों के साथ विद्या प्रवेश गतिविधि में भाग लिया और उन्हें उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का संकल्प है कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को भी महानगरों के समान उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध हो। केन्द्रीय विद्यालय धनवार की स्थापना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।





## शामली को मिला शिक्षा का नया केंद्र

### श्री जयंत चौधरी ने किया शिलान्यास

**शामली, 28 जून 2026:** उत्तर प्रदेश के शामली में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मजबूत आधारशिला रखते हुए केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयंत चौधरी ने जिले को केन्द्रीय विद्यालय की महत्वपूर्ण सौगात दी। उन्होंने शामली के कांबडौत गांव में केन्द्रीय विद्यालय शामली के अस्थायी परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ के.वि.सं के संयुक्त आयुक्त (कार्मिक) नगेन्द्र गोयल भी उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री जयंत चौधरी ने कहा कि शामली में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की मांग लंबे समय से की जा रही थी। उन्होंने इसे जिले के लिए एक ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से अग्रसर है। ऐसे समय में शामली में केन्द्रीय विद्यालय के निर्माण से न केवल विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, अपितु उन्हें राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करेगा।

## ज्ञान की नई किरण

### तीसरे केन्द्रीय विद्यालय से सशक्त होगा दरभंगा

**दरभंगा, 29 जून 2026:** जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दरभंगा के मा. सांसद श्री डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कोल्हंटा पटोरी स्थित राजकीय उच्च विद्यालय परिसर में केन्द्रीय विद्यालय क्र. 3 एम्स दरभंगा के अस्थायी भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मा. सांसद ने कहा कि दरभंगा में तीसरे केन्द्रीय विद्यालय के प्रारंभ होने से जिले की शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी तथा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने जानकारी दी कि विद्यालय में बाल वाटिका तथा कक्षा 1 से 5 तक के संचालन के लिए सभी आवश्यक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रथम चरण में 320 विद्यार्थियों के लिए नामांकन प्रक्रिया भी सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है, जिससे नए शैक्षणिक सत्र में नियमित पठन-पाठन प्रारंभ किया जा सकेगा।



# Tarunotsava

## Turns Post-Board Break into a Journey of Growth



**New Delhi:** Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) successfully conducted Tarunotsava across all Kendriya Vidyalayas in April 2026, engaging Class X students in a dynamic post-board programme designed to transform the waiting period after examinations into a meaningful phase of learning and self-discovery.

The initiative featured career counselling sessions, communication skills workshops, personality development modules, creative activities, and sports engagements, enabling students to explore their interests, build confidence, and develop essential life skills. The programme also guided students in making informed subject and career choices while encouraging learning beyond textbooks.

Aligned with the vision of the National Education Policy (NEP) 2020, Tarunotsava promotes holistic and experiential learning. Over the years, it has emerged as a significant KVS initiative, ensuring that the conclusion of board examinations becomes the beginning of purposeful growth, exploration, and future readiness for every learner.

---



# Jal Pakhwada

## Inspiring KV Students to Become 'Jal Rakshaks'

**New Delhi:** Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) observed **Jal Pakhwada** from **16 to 30 April 2026** across all Kendriya Vidyalayas, with students emerging as **'Jal Rakshaks'** committed to water conservation and sustainable living.

The fortnight-long campaign featured a range of activities, including pledges, poster-making, quizzes, skits, surveys, community outreach programmes, water audits, and conservation drives. Through active participation, students gained practical insights into responsible water use while spreading awareness about the importance of conserving every drop in their schools and communities.

Aligned with **Mission LiFE** and the **National Education Policy (NEP) 2020**, the initiative promoted environmental stewardship and encouraged students to adopt sustainable habits. By combining awareness with action, Jal Pakhwada reinforced KVS's commitment to nurturing environmentally conscious citizens and inspiring young learners to contribute towards a water-secure and sustainable future.

# पुस्तकोपहार

## ज्ञान के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित 'पुस्तकोपहार' कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, सहयोग, उत्तरदायित्व और साझेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अप्रैल माह में देशभर के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में आयोजित इस पहल के तहत वरिष्ठ विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र पूर्ण होने पर अपनी प्रयुक्त पाठ्यपुस्तकें कनिष्ठ विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप प्रदान करते हैं, जिससे पुस्तकों का पुनः उपयोग सुनिश्चित होता है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को पुस्तकों की देखभाल, संसाधनों के संरक्षण तथा सतत जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। पुस्तकों के पुनः उपयोग से कागज़ की खपत कम होती है, जिससे वृक्षों के संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा में योगदान मिलता है। साथ ही, यह पहल विद्यार्थियों में उदारता, सहानुभूति, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों का विकास करती है तथा अभिभावकों पर पाठ्यपुस्तकों की खरीद से जुड़ा आर्थिक भार भी कम करती है। Mission LiFE के उद्देश्यों के अनुरूप केन्द्रीय विद्यालय संगठन की यह अभिनव पहल सतत विकास, पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम बन रही है।






# विद्यालयों को नशामुक्त

## बनाने की राष्ट्रीय पहल को मिली गति

**नई दिल्ली, 29 मई 2026:** विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ एवं नशामुक्त शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव श्री संजय कुमार ने स्कूल चैलेंज-TOFEI 2025 के राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह का उद्घाटन किया तथा नशा मुक्त विद्यालय कार्ययोजना एवं पोर्टल का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने तीन वर्षीय नशा मुक्त विद्यालय कार्ययोजना (2026-2029) की भी शुरुआत की, जिसका उद्देश्य रोकथाम, जागरूकता, निगरानी और क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करना है। इस उद्घाटन समारोह में के.वि.सं. आयुक्त श्री विकास गुप्ता सहित अनेक शिक्षण संस्थानों के शीर्ष अधिकारी उपस्थित रहे।

# KVs WELCOME YOUNG MINDS THROUGH

## Vidya Pravesh




Kendriya Vidyalaya Sangathan successfully conducted the Vidya Pravesh programme across its Kendriya Vidyalayas for the 2026–27 academic session, helping Balvatika and Class I students transition smoothly into formal schooling. This three-month school readiness programme uses play-based and activity-oriented learning to introduce foundational literacy, numeracy, social skills, and classroom routines in a joyful, child-friendly environment. Through storytelling, games, rhymes, and interactive activities, teachers nurtured confidence, curiosity, and a love for learning. Aligned with NEP 2020, the programme supported holistic development and reinforced KVS's commitment to building strong foundations for lifelong learning.

# Achievements



## KVian IN JAPAN FOR SAKURA PROGRAMME

Shraavya Mishra, a student of PM SHRI KV No. 2 CRPF, Bhubaneswar, has been selected for the prestigious SAKURA Science Exchange Programme 2026 in Japan. She earned this honour for her innovative assistive technology project, "I-SRAVIA," which aims to facilitate two-way communication between the deaf-mute community and the hearing population. Her selection reflects the spirit of innovation and scientific excellence nurtured in Kendriya Vidyalayas. The achievement provides Shraavya an opportunity to engage with young researchers and scientists from around the world while showcasing India's talent on an international platform.



## KVian HITS A GOLDEN PUNCH

Hanshika Attri, a student of PM SHRI KV No. 3, Delhi Cantt, brought laurels to the nation by winning the Gold Medal in the Under-15, 46 kg category at the Asian Boxing Championship 2026 held in Tashkent, Uzbekistan, in April 2026. She first secured gold in the 43-46 kg category at the Asian Boxing Selection Trials in NSNIS, Patiala, earning her place in the Indian contingent. Her outstanding performance at the continental championship is a testament to her determination, discipline and sporting excellence.



## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए राजवीर का चयन

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एएफएस हाई ग्राउंड्स, चंडीगढ़ के छात्र राजवीर सिंह का अंडर-15 बालक वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करने हेतु एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 25 जून से 5 जुलाई 2026 तक थाईलैंड में आयोजित की जाएगी। राजवीर ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर राष्ट्रीय चयन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त की। उनकी यह उपलब्धि विद्यालय, अभिभावकों और पूरे केन्द्रीय विद्यालय संगठन के लिए गर्व का विषय है तथा युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत भी है।



## अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकीं के.वि. शिक्षिका

केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 बोकारो में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा) के पद पर कार्यरत सुश्री अनु सिंह ने थाईलैंड के सी-राचा स्थित पट्टाना स्पोर्ट्स रिसॉर्ट में अपनी उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए देश एवं के.वि.सं. का नाम रोशन किया। उन्होंने ने 17 से 19 अप्रैल 2026 तक आयोजित विश्व खेल चैम्पियनशिप में 55+ आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन रजत पदक अपने नाम किए।

| प्रतियोगिता | पदक |
|---|---|
| लंबी कूद | रजत पदक |
| त्रिकूद | रजत पदक |
| ऊंची कूद | रजत पदक |





## ROLLING AT WORLD SKATING CHAMPIONSHIP

PM SHRI Kendriya Vidyalaya Picket students Advika Muthar and K. Abhishek Babu delivered outstanding performances at international roller-skating championships held in Taiwan (13-19 April 2026). Advika won two silver and one bronze medal at the Taiwan Artistic Roller-Skating Open Championship, while Abhishek secured two silver and one bronze medal at the TARSO Taiwan Artistic Roller-Skating International Championship 2026.



## KVian IN MODEL UN CONFERENCE

Yoza Saleem, a student of PM SHRI Kendriya Vidyalaya Andrews Ganj, represented his school at the International Model United Nations Conference held in April 2026. Participating as a delegate, he engaged in discussions on global issues alongside students from different countries, demonstrating confidence, critical thinking and effective communication skills. His participation on an international platform reflects the emphasis placed by Kendriya Vidyalayas on holistic education and global exposure.



### अंतरराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में आद्रित ने जीता स्वर्ण पदक

केन्द्रीय विद्यालय ओएनजीसी, जोरहाट के छात्र मास्टर आद्रित कश्यप ने जून 2026 में गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। नियमित अभ्यास, अनुशासन और अथक मेहनत के बल पर उन्होंने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके शानदार प्रदर्शन ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे केन्द्रीय विद्यालय संगठन को गौरवान्वित किया। आद्रित की सफलता सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और खेल एवं योग के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई मिसाल प्रस्तुत करती है।



### KV ALUMNA SHINES WITH GOLD

Riya, an alumna of PM SHRI Kendriya Vidyalaya No. 2 GCF, Jabalpur, won the Gold Medal in the Supine Individual Event at the 1st World Yoga Sana Sports Championship 2026 held at TransStadia, Ahmedabad, Gujarat, from 4 to 8 June 2026. Her exceptional performance on the world stage reflects years of dedication, discipline and excellence in yogasana. Riya's achievement has brought immense pride to her alma mater and the Kendriya Vidyalaya Sangathan.



### के.वि. की शिक्षिका ने बनाया राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग रिकॉर्ड

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एएफएस बोरझार की प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती आरती फुले ने अप्रैल 2026 में कर्नाटक के मैंगलोर में आयोजित नेशनल ओपन (सीनियर) पुरुष एवं महिला क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 69 किलोग्राम वर्ग में नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया। उनकी यह उपलब्धि खेलों के प्रति उनके समर्पण, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का प्रमाण है।

| प्रतियोगिता | पदक |
|---|---|
| समग्र प्रदर्शन | स्वर्ण |
| स्क्वाट | स्वर्ण (राष्ट्रीय रिकॉर्ड) |
| बेंच प्रेस | कांस्य |
| डेडलिफ्ट | कांस्य |



### राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अनस ने जीता कांस्य

केन्द्रीय विद्यालय आईआईटी गुवाहटी के छात्र अनस ने मई 2026 में नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 12वीं ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उन्होंने उत्कृष्ट तकनीक, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। अनस की यह उपलब्धि उनकी कठिन मेहनत और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उनकी सफलता ने विद्यालय और केन्द्रीय विद्यालय संगठन के गौरव में नई चमक जोड़ी है।



### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में नागेश्वर का शानदार प्रदर्शन

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 3, बोकारो के छात्र नागेश्वर राम बेदिया ने अप्रैल 2026 में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ में आयोजित इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उन्होंने अपनी टीम को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी उपलब्धि ने विद्यालय, राज्य और केन्द्रीय विद्यालय संगठन को गौरवान्वित किया है। नागेश्वर की मेहनत, अनुशासन और खेल भावना युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



### GOLDEN GLORY AT BOXING CHAMPIONSHIP

Pragati Raj, a student of PM SHRI Kendriya Vidyalaya Hisar Cantt., won the Gold Medal in the 61–64 kg weight category at the 5th Junior National Boxing Championship 2026. The championship was held at Lovely Professional University, Phagwara, Punjab, from 23 to 29 June 2026. Displaying remarkable determination, skill and resilience, Pragati emerged victorious against top young boxers from across the country.



### 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर' में गरिमा ने बिखेरा प्रतिभा का जादू

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एनएफसी, विज्ञान विहार की कक्षा 12 की छात्रा गरिमा चौधरी ने अपने उत्कृष्ट नृत्य कौशल से राष्ट्रीय मंच पर पहचान बनाई। 6 जून 2026 को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर प्रसारित लोकप्रिय रियलिटी शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न-5 में उनकी मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों और निर्णायकों को समान रूप से प्रभावित किया। गरिमा की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच पर प्रभावशाली प्रस्तुति ने विद्यालय और केन्द्रीय विद्यालय संगठन का गौरव बढ़ाया। उनकी उपलब्धि कला के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रेरक उदाहरण है।



### टीवी धारावाहिक में सहदेव की भूमिका निभाएंगे मयंक

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कोलीवाड़ा के कक्षा 4 के छात्र मास्टर मयंक यादव का चयन सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के हिन्दी धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में प्रमुख पात्र सहदेव की भूमिका के लिए हुआ है। अपनी अभिनय प्रतिभा, आत्मविश्वास और प्रभावशाली अभिव्यक्ति के बल पर मयंक ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। धारावाहिक का प्रसारण 2 जून 2026 से शुरू हो चुका है। इतनी कम आयु में राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने वाले मयंक ने विद्यालय और केन्द्रीय विद्यालय संगठन को गौरवान्वित किया है।

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

©Kendriya Vidyalaya Sangathan

Shala Dhwani Newsletter
Issue: April-June 2026
-----------------------------------
**Patron:** Vikas Gupta,*IAS*, Commissioner, KVS
**Chief Editor:** Chandana Mandal, Additional Commissioner (Acad)
**Editor:** Somit Shrivastav, Joint Commissioner (Acad.)
**Editorial Incharge:** Sachin Rathore, Assistant Editor
-----------------------------------
**Editorial Consultants:**
Surbhi Goel, Content Writer
Aman, Content Writer
Sanjana Jangra, Graphic Designer
-----------------------------------
Published by Additional Commissioner (Acad) on behalf of Kendriya Vidyalaya Sangathan.
-----------------------------------
Readers can send their comments and suggestion through e-mail at: shaaladhwani@gmail.com

*For Internal Circulation only. (Not for Sale)*

https://kvsangathan.nic.in/ | @KVSHQ | @KVS_HQ | @kvshqr | KVS HQ